दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, बुधवार 20 नवंबर 2024

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

## मणिपुर के सुलगते हालात

अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम नाकामियों के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।

मणिपुर में हफ्ते भर के अंदर जैसी हिंसा हुई है, उनसे यह सहज सवाल उठता है कि क्या इस राज्य पर किसी का नियंत्रण नहीं है? वारदात ने जैसा मोड़ लिया है, उससे भविष्य के लिए गहरी आशंकाएं पैदा होती हैं।

सोमवार को कुछ उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले के जाकुरोदोर कारोंग में पुलिस थाने पर अंधाधुंध फायरिंग की। सुरक्षा बलों की वर्दी में आए इन उग्रवादियों ने एक सीआरपीएफ कैंप पर भी निशाना साधा। साथ ही उग्रवादियों ने पास के मार्केट में गोलीबारी की, कई दुकानों को जला डाला और कुछ मकानों को भी निशाना बनाया। उसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।

उनके मुताबिक उनकी कार्रवाई में दस उग्रवादी मारे गए। जबकि कुकी-जो काउंसिल का दावा है कि मारे गए लोग ग्रामीण स्वयंसेवक थे।

हमार स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने दावा किया है कि 11 हमार ग्रामीण स्वयंसेवकों को मार डाला गया है। कुकी-जो काउंसिल ने उस इलाके में मंगलवार को दिन भर के बंद का आह्वान किया है। साफ है, स्थिति सुलगी हुई है।

पिछले हफ्ते जैरोन गांव में कुकी उग्रवादियों के हमले में एक महिला की जान गई थी और कई घर जला डाले गए थे। गौरतलब है कि इम्फाल घाटी में जारी हिंसा से लगभग साल भर तक जिरीबाम जिला अछूता रहा था।

लेकिन गुजरे जून में एक किसान का शव मिलने के बाद से यह भी चपेट में आ चुका है। सबसे अफसोसनाक है कि इतनी लंबी अवधि में मणिपुर के सुलगते हालात को संभालने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और उनकी सरकार की तमाम संदिग्ध भूमिकाओं के बावजूद उन्हें केंद्र का संरक्षण मिला रहा है।

पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य की दोनों सीटों पर सत्ताधारी दल को पराजित कर जनता ने जो संदेश दिया, उससे भी सुनने या समझने का प्रयास केंद्रीय नेतृत्व ने नहीं किया।

इससे धारणा बनी है कि मणिपुर के ताजा हालत सिर्फ प्रशासनिक नाकामी और अकुशलता का परिणाम नहीं हैं। शक गहराया है कि इसके पीछे अवांछित राजनीति की भूमिका भी हो सकती है। इसके हानिकारक परिणाम हमारे सामने हैं। उधर स्थितियां और भी खतरनाक मोड़ लेती दिख रही हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी जैसे देशों को पछाड़ा

**आकंड़े चौंका देंगे आपको**

**नईदिल्ली**



दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ते जा रही है. दुनिया भर में फिलहाल तनाव और आर्थिक अनिश्चितता है. हालांकि, भारत के लिए अधिक घबराने की बात नहीं है. क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था इस साल सात फीसद की दर से बढ़ सकती है. खास बात है कि भारत की बढ़त इस साल जी-20 देशों के समूहों में सबसे अधिक है. आसान भाषा में कहें तो इस साल भारत की अर्थव्यवस्था की बढ़ता जी-20 देशों से कहीं अधिक रहने वाली है. बता दें, जी-20 सुपर पावर अमेरिका, रूस, यूके, जर्मनी, फ्रांस सहित तमाम बड़े देश शामिल हैं. खास बात है कि इस साल जहां भारत की अर्थव्यवस्था जहां सात फीसदी रह सकती है तो वहीं, अन्य बड़े देशों की आर्थिक वृद्धि तीन फीसद से भी कम रह सकती है.


दुनिया की सबसे बड़ी रेटिंग एजेंसी मूडीज ने हाल ही में एक रिपोर्ट जारी है. रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सबसे तेज विकास दर, आर्थिक अर्थव्यवस्था के बलबूते मजबूत हो रही है. वैश्विक चुनौतियों के बीच, भारत की अर्थव्यवस्था लगातार विकास कर रही है. जी-20 में भारत के बाद इंडोनेशिया की जीडीपी सबसे अधिक यानी पांच फीसदी की दर से बढ़ सकती है. चीनी अर्थव्यवस्था 4.8 फीसद की रफ्तार से बढ़ सकती है. भारत के खास दोस्त रूस की जीडीपी 3.6 फीसद से बढ़ेगी. वहीं, ब्राजील, तुर्किये और अफ्रीका की जीडीपी तीन-तीन फीसद की दर से बढ़ेगी.

अमेरिकी अर्थव्यवस्था को इस बार झटका लगेगा क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका की जीडीपी इस साल 2.8 फीसद की दर से बढ़ने वाली है. सऊदी अरब और मैक्सिको की अर्थव्यवस्था 1.5 रह सकती है. यूरोपीय संघ की जीडीपी 1.1 तो दक्षिण अफ्रीका की जीडीपी भी 1.1 फीसद की दर से आगे बढ़ेगी. कोरिया की अर्थव्यवस्था 2.5 फीसद की दर से बढ़ सकती है. भारत से दुश्मनी मोल लेने की फिराक में लगे कनाडा की जीडीपी खस्ता हाल रहने वाली है. कनाडा की विकास दर इस साल 1.3 फीसद रहेगी. वहीं, ऑस्ट्रेलिया की आर्थिक वृद्धि दर 1.2 फीसद रहेगी. जी-20 का एकमात्र देश अर्जेंटीना है, जिसकी आर्थिक विकास दर में 3.5 फीसद की गिरावट आ सकती है.

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास का बढ़ सकता है कार्यकाल

**महाराष्ट्र चुनाव के बाद घोषणा**

**मुंबई**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को दूसरा कार्यकाल विस्तार मिलने की संभावना है। इसकी घोषणा महाराष्ट्र चुनाव के बाद हो सकती है।

रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्रीय बैंक के गवर्नर का मौजूदा कार्यकाल 10 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। इस बीच उनके कार्यकाल को कम से कम एक और साल के लिए बढ़ाया जा सकता है।अभी तक न तो किसी दूसरे उम्मीदवार पर विचार किया जा रहा है और न ही कोई चयन समिति बनी है।

शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2018 में आरबीआई का कामकाज संभाला था। यह वह दौर था जब केंद्र सरकार और आरबीआई के बीच संबंध तनावपूर्ण चल रहे थे।दास के नेतृत्व में कई चुनौतियां रही हैं। उन्होंने कोरोना महामारी से लेकर मुद्रास्फीति के दबाव और वैश्विक वित्तीय अनिश्चितताओं के दौरान अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने पर काम किया है।उनके कार्यकाल विस्तार से सरकार का उन पर भरोसा दिख रहा है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेना है।

अगर शक्तिकांत दास के नाम पर मुहर लगती है तो वह 1960 के दशक के बाद से आरबीआई में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले गवर्नर बन जाएंगे।दास से पहले बेनेगल राम राव आरबीआई गवर्नर के रूप में सबसे ज्यादा समय तक सेवा दे चुके हैं। राव ने 1949-1957 के बीच 7 साल से अधिक समय तक केंद्रीय बैंक का नेतृत्व किया था।दास ने 2023 में सामान्य 5 साल का सेवा कार्यकाल सीमा पार कर लिया था।

## यश दयाल बैकअप के तौर पर भारतीय टीम में शामिल, तेज गेंदबाज के पिता ने की पुष्टि

**नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज यश दयाल को बैकअप खिलाड़ी के तौर पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज के पिता चंद्रपाल दयाल ने मंगलवार को को बताया। चंद्रपाल ने खुलासा किया कि पिछले सप्ताह जब यश दक्षिण अफ्रीका में टी20 सीरीज के लिए गए थे, तब उन्हें टीम में शामिल होने के लिए बुलाया गया था और वह 17 नवंबर को टीम में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनका बेटा इस बहुप्रतीक्षित सीरीज में पदार्पण करेगा। चंद्रपाल ने को फोन पर बताया, यश को - जब वह दक्षिण अफ्रीका में टी20 टीम के साथ थे - फोन आया कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट टीम में शामिल होना होगा। इसलिए वह 17 नवंबर को वहां गए। वह बैकअप के तौर पर गए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश को बांग्लादेश सीरीज के खिलाफ पहली बार टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है।

## भारत की 30% भूमि की उर्वरता हो रही प्रभावित : कृषि मंत्री ने कहा-तत्काल उपाय करने की है जरूरत

**नईदिल्ली**

देश में 30 प्रतिशत भूमि की उर्वरता खराब हो रही है। मिट्टी की खराब होती क्षमता चिंताजनक है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को यह बात कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टिकाऊ खेती के वास्ते मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तत्काल उपाय करने की जरूरत है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मृदा' पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को ऑनलाइन संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि भुखमरी को समाप्त करने, जलवायु कार्रवाई तथा भूमि पर जीवन से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए मृदा की गुणवत्ता में सुधार करना जरूरी है। खबर के मुताबिक, चौहान ने कहा कि हम हर साल 33 करोड़ टन से अधिक खाद्यान्नों का उत्पादन कर रहे हैं और 50 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का निर्यात कर रहे हैं। हालांकि, यह सफलता चिंता के साथ आई है, विशेष रूप से मृदा गुणवत्ता के संबंध में। चौहान ने बताया कि भारत की करीब 30 प्रतिशत भूमि की गुणवत्ता बढ़ती उर्वरक खपत, उर्वरकों के असंतुलित इस्तेमाल, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और गलत मृदा प्रबंधन प्रथाओं के कारण कम होती जा रही है। शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को 22 करोड़ से ज्यादा मृदा गुणवत्ता कार्ड बांटने और सूक्ष्म सिंचाई, जैविक और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने सहित विभिन्न सरकारी पहलों पर प्रकाश डाला। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अधिक केंद्रित प्रयासों की जरूरत है, खासकर बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और जलवायु परिवर्तन चुनौतियों को देखते हुए। चौहान ने कहा कि वैज्ञानिकों तथा किसानों के बीच की खाई को पाटने के लिए जल्द ही आधुनिक कृषि पर एक नया कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसी मौके पर मौजूद नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे दक्षिण अमेरिकी देशों में संरक्षित कृषि व जुताई रहित विधियों के सफल कार्यान्वयन के बावजूद भारत और दक्षिण एशिया में इन्हें सीमित रूप से अपनाए जाने पर सवाल उठाया। चंद ने कहा कि हालांकि कुछ गैर सरकारी संगठन और निजी कंपनियां पुनर्योजी कृषि तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही हैं, लेकिन इन पहलों का दायरा सीमित है। उन्होंने भारतीय मृदा वैज्ञानिक सोसायटी (आईएसएसएस) से बड़े पैमाने पर समाधान की अगुवाई करने का आह्वान किया।

## मलेशिया से 1-1 का ड्रा खेलकर 2024 में जीतरहित रहा भारत

**हैदराबाद**

भारतीय फुटबॉल प्रशंसकों को राष्ट्रीय पुरुष टीम के मनोलो मार्क्वेज के नेतृत्व में अपना पहला मैच जीतने के लिए मार्च तक इंतजार करना होगा, क्योंकि मेजबान टीम को सोमवार को यहां गाचीबावली स्टेडियम में मलेशिया के विरुद्ध 1-1 से ड्रा करना पड़ा। मैच के शुरुआती क्षणों में भारत अपनी स्थिति मजबूत कर रहा था, लेकिन कप्तान गुरप्रीत सिंह संधू की शुरुआती गलती के कारण गोल पर मिले फ्री पास पर पाउलो जोसु ने गोल कर मेहमान टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी, इससे पहले राहुल भेके ने ब्रैंडन फर्नांडिस द्वारा लिए गए कॉर्नर से बराबरी का गोल किया, जिन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से सम्मानित किया गया और टीमों को बराबरी पर ला दिया।

मैच के 19वें मिनट में मलेशिया के आजम आजमी मुराद ने गेंद को क्लीयर किया, जिसे गोलकीपर गुरप्रीत ने क्लीयर करने के प्रयास में बाहर की ओर दौड़ लगाई। उनकी गलत समझ के कारण गेंद आने वाले पाउलो के पैरों तक पहुंच गई, जिन्होंने बिना किसी गलती के इसे इसे गोल में पहुंचा दिया।

भारत ने इसके बाद विपक्षी गोल पर हमला करना बंद नहीं किया और अधिकांश हमले विंग्स से किए गए, जिसमें लालियानज़ुआला चांगटे उत्प्रेरक की भूमिका में थे। 39वें मिनट में रणनीति कारगर साबित हुई, जब ब्रैंडन ने कॉर्नर लेने के लिए कदम बढ़ाया, जिसे चांगटे ने जीता और एक शानदार गेंद डाली, लेकिन भेके ने गेंद को नेट में पहुंचा दिया।

मलेशिया ने दूसरे 45 मिनट में बेहतर मौके बनाए, लेकिन भारत ने अपने कब्जे का उचित हिस्सा बनाए रखा और दोनों पक्षों को कोई मौका नहीं मिला, जिससे मैच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

इस परिणाम ने भारतीय फुटबॉल के लिए निराशाजनक 2024 का अंत कर दिया, क्योंकि टीम ने अपने पिछले 12 मुकाबलों में जीत हासिल नहीं की है, उनकी आखिरी जीत नवंबर 2023 में कुवैत के खिलाफ आई थी।

मैच के बाद साक्षात्कार में मुख्य कोच मनोलो मार्क्वेज ने कहा, यह (कुल मिलाकर) अच्छा काम था। हर गोल किक में एक मिनट लगा - गति बहुत धीमी थी। हम इस खेल के अनुकूल नहीं थे - हमने सेट-पीस में बराबरी कर ली। यह सच है कि उन्होंने बिना किसी खतरे के एक एक्शन में बराबरी कर ली - उनका आखिरी एक्शन खतरनाक था (टियरनी के हेडर को पोस्ट से संदर्भित करते हुए), लेकिन कमोबेश परिणाम निष्पक्ष था।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

**शफाली वर्मा हुई बाहर**

**नईदिल्ली**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है।5 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाले 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम घोषित की है।शफाली वर्मा को इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। उनके साथ-साथ श्रेयंका पाटिल भी टीम में अपनी जगह नहीं बना सकी हैं।आइए भारतीय टीम और कार्यक्रम पर एक नजर डालते हैं।

शफाली ने न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अपनी पिछली वनडे सीरीज में बल्ले से निराश किया था।उन्होंने 3 मैचों में 18.66 की औसत और 133.33 की स्ट्राइक रेट के साथ 56 रन बनाए थे। उनके स्कोर क्रमश: 33, 11 और 12 रन रहे थे।इस साल शफाली ने कुल 6 वनडे खेले, जिसमें 18.00 की औसत और 82.44 की स्ट्राइक रेट के साथ 108 रन बनाए थे। वह कोई अर्धशतक भी नहीं लगा सकी थी।

इस बीच, ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय दल में हरलीन की वापसी होगी, जिन्होंने दिसंबर 2023 में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।देओल को गुजरात जायंट्स के लिए खेलते समय घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह इस साल डब्ल्यूपीएल में सिर्फ 3 मैचों में ही खेल पाईं थी।इसके साथ-साथ ऋचा घोष ने टीम में वापसी की है, जो अपनी ग्रेड 12 की बोर्ड परीक्षाओं के कारण न्यूजीलैंड श्रृंखला से चूक गई थीं।

सीरीज के पहले 2 वनडे मैच क्रमश: 5 और 8 दिसंबर को ब्रिसबेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले जाएंगे, जिसके बाद सीरीज का आखिरी मैच पर्थ के वाका ग्राउंड में 11 दिसंबर को खेला जाएगा।वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकोर।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपको ऑफिस में अपने आसपास के लोगों से थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है। वे आपका काम बिगाडऩे की कोशिश कर सकते हैं। आज किसी भी काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

***वृष-*** आज कारोबार से जुड़े रुके हुए जरूरी काम पूरे होने की संभावना है। लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। जीवनसाथी की अपेक्षाएं पूरी होगी। आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको किसी अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए।

***मिथुन-*** आज आप किसी नए काम को करने की सोचेंगे। करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है। फ़ास्ट फ़ूड खाने से आपको बचना चाहिए।

***कर्क-*** आज कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। आप परिवार वालों की इच्छा पूरी करेंगे, जिसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

***सिंह-*** आज इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे। आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ होगा। कुछ मामलों में साथ काम करने वाले लोगों से सहयोग नहीं मिल पायेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

***कन्या-*** आज आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी। ऑफिस में कोई नया काम मिलेगा, जिसे आप पूरा करने में सफल रहेंगे। शाम को परिवार वालों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।

***तुला-*** आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा। आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

***वृश्चिक-*** आज जीवनसाथी के साथ समय बितायेंगे। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जाएंगे। बायोलॉजी स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतर रहने वाला है।

***धनु-*** आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए फायदेमंद रहेगा। माता-पिता के साथ रिश्ता बेहतर होंगे।

***मकर-*** आज आय के नए स्रोत सामने आयेंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा। दांपत्य जीवन में मधुरता आयेगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपको लाभ के कुछ अवसर प्राप्त होंगे।

***कुंभ-*** आज दोस्त आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। किसी नयी तकनीक के द्वारा आपके व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। साथ ही उत्पादन कार्य भी बढ़ सकता है।

***मीन-*** आज किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आज आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। हर जगह आपकी प्रसंशा होगी। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी।

## कंगुवा बॉक्स ऑफिस कलेक्शन दिन 4: सूर्या-बॉबी देओल की फैंटेसी एक्शन फिल्म ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा किया पार




शिवा की एक्शन से भरपूर फिल्म कंगुवा बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास परफॉर्म नहीं कर रही है. 14 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने चार दिनों में ही भारत में सभी भाषाओं में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. साथ ही दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म ने सफलता हासिल की है.

एक्शन फिल्म ने 24 करोड़ रुपये कमाए. इसने सूर्या की स्टार पावर और फिल्म की मास अपील का आगाज किया का प्रमाण है. हालांकि दूसरे दिन फिल्म का ग्राफ गिरा और फिल्म ने सिंगल डिजिट में कमाई दी. शुक्रवार को फिल्म ने 9.5 करोड़ रुपये (नेट) का कलेक्शन किया.

वहीं रिलीज के तीसरे दिन कंगुवा ने अपने बॉक्स ऑफिस नंबरों में मामूली उछाल देखा, जिसने 9.85 करोड़ रुपये कमाए. पहले रविवार यानी चौथे दिन फिल्म ने 10.50 करोड़ रुपये की कमाई की. चार दिनों के बाद कंगुवा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल लगभग 53.85 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है.

मेकर्स कंगुवा के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में टाइम टू टाइम अपडेट दे रहे हैं. फिल्म ने अपने पहले दिन दुनिया भर में 53.85 करोड़ रुपये की भारी कमाई की. वहीं दूसरे दिन 89.32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. रविवार (17 नवंबर) को मेकर्स ने तीसरे दिन का वर्ल्डवाइड कलेक्शन के में अपडेट दिया है.

## बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन की हालत पस्त



अजय देवगन इन दिनों फिल्म सिंघम अगेन में नजर आ रहे हैं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर इसकी पहले दिन की कमाई देख लग रहा था कि यह जमकर नोट छापेगी, लेकिन इसकी रिलीज को 17 दिन पूरे हो चुके हैं और यह अपनी लागत निकालने से अभी कोसों दूर है।आलम यह है कि सिंघम अगेन पर फ्लॉप होने का खतरा बढ़ गया है।आइए जानते हैं सिंघम अगेन ने 17वें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिंघम अगेन ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 4.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 230.75 करोड़ रुपये हो गया है।सिंघम अगेन का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को भी काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह शानदार शुरुआत के बाद से ही सिनेमाघरों में दर्शक जुटाने के लिए संघर्ष कर रही है।

## एक हाथ में खंजर, दूजे में शराब, बागी 4 से टाइगर श्रॉफ का खूंखार फर्स्ट लुक आउट, रिलीज डेट भी अनाउंस



टाइगर श्रॉफ की बागी 4 की रिलीज डेट का अनाउंसमेंट हो चुका है वो भी एक खतरनाक पोस्टर के साथ. जिसमें टाइगर श्रॉफ खूंखार अवतार में नजर आ रहे हैं. हाल ही में टाइगर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर बागी 4 का नया पोस्टर रिलीज किया. इसके साथ ही उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी. इस फ्रेंचाइजी की तीनों फिल्में हिट रही हैं.

नए पोस्टर में टाइगर श्रॉफ एक नए और खूंखार अवतार में नजर आ रहे हैं. उनके लुक से लग रहा है कि बागी 4 फुल ऑफ एक्शन से भरपूर होने वाली है. पोस्टर में टाइगर हाथ में चाकू और पास में शराब की बोतल लिए टॉयलेट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं. उनका चेहरा, दीवारें और फर्श खून से लथपथ हैं, टाइगर का लुक देखते ही फैंस सरप्राईज हो गए क्योंकि इस अवतार में दर्शकों ने टाइगर को कभी नहीं देखा. टाइगर ने पोस्ट को कैप्शन दिया, एक गहरी भावना, एक खूनी मिशन, इस बार वह वैसा नहीं है. साजिद नाडियाडवाला की बागी 4.

नए पोस्टर के साथ टाइगर ने बागी 4 की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है. फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. बागी फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2016 में पहली फिल्म की रिलीज के साथ हुई, जिसका निर्देशन सब्बीर खान ने किया था. एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर, बागी कुछ हद तक 2004 की तेलुगु फिल्म वर्शम और 2011 की इंडोनेशियाई फिल्म द रेड: रिडेम्पशन से प्रेरित थी. फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू ने काम किया था. जिसके बाद इसका सीक्वल, बागी 2, 2018 में आया जिसे अहमद खान ने निर्देशित किया था ये तेलुगु फिल्म क्षणम की रीमेक थी. इसमें टाइगर के साथ दिशा पटानी, मनोज बाजपेयी, रणदीप हुडा और अन्य कलाकार शामिल थे. तीसरी फिल्म बागी 3 (2020) को भी अहमद खान ने निर्देशित किया था. इसमें टाइगर, रितेश देशमुख और श्रद्धा कपूर लीड रोल में थे.

## शब्द सामर्थ्य- 241

**बाएं से दाएं**
1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**
1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 240 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 241

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 240 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |